The economic programmes announced by the Prime Minister are not only welcomed by us, but by the poor people in this country and by almost every section of people in our country. The poor people are suffering under great stress and strain the poor people are being oppressed by these shopkeepers and the poor labourers are being oppressed by the contractors in all kinds of ways. And this programme if implemented, probably, would make the country a paradise, particularly, for the poor. I am sure, that this was the intention with which our Prime Minister has brought out this programme. I would not like to do well on all the points because that would take a long time. There are a few points which I would like to stress particularly. That is about the bonded labour. I think it would be a great relief for the labourers if this bonded labour was really abolished in all the States because the contractors just now take advantage of the poor labourers and pay them whatever they deem fit and without giving them a regular wage and they force them to do hard labour which makes them useless to do any other work, particularly in their own home. This is also sucking the energy and the life of the masses of our labour class people. This bonded labour, the Prime Minister is trying to eradicate from the country. I think, is a very good move and, if put into force, it would release many of our people from the bonded labour from which they are suffering now. I would like to lay stress that children should not be permitted to work anywhere. I see that many boys and also girls are being harassed by these labourers in their farms, in the fields They are also harassed in hotels and in so many other places.

Government now provides free education in schools for the children I think it is very important that they should also ban this banded labour for children The children are not given a chance even to study when they are put on the jobs or in the farms. And when they grow up, they are without any future life. The poor children are suppressed by their masters as also by some other farmers or by the hotel keepers. I really feel that it is a sad sight to see the little children working for a little pittance—for a few rupees that they get at the end of a month. Their whole future is very bleak. Therefore, I would appeal that this should be enforced that child labour should be banned wherever it is in force.

One more important step that has been taken and that is working very well throughout the country is this. Now, the bureaucrats—the officers—are

really doing their duties well and they are performing their jobs which they were doing leisurely and carelessly previously. And I congratulate also the Minister for Railways, Shri Qureshi who has really done a very good job in the railways by going round personally and checking the ticketless travel. Now we can travel safely without our being harassed by the chain pulling every ten minutes on the journey. Now we find that if we phone up, the officers are there; the files are really moving fast. And I know the time when I had to wait for almost two years for a file to move. In Andhra Pradesh, I had to wait for a certain school. The children were on the street. Now I find that the work is being done more efficiently and files move fast. This shows that our officers are competent and are able to do the work if they only have the will to do it. I think Prime Minister has really geared up the machinery. The officers are working smoothly. The work is going on smoothly throughout the country. We are all proud of it and we know that in these circumstances, the country would really go forward with prosperity.

One thing more, and I am very happy about that. We used to find lawlessness and indiscipline in schools and colleges. Now they have disappeared. I hope they have really gone and they will never be returned. It is impossible to make the children to study in schools. The learning has faded away from the minds of most of the children. The lecturers and the teachers are not able to control the classes. They could do nothing about it. Now they are making them study. They are now more disciplined and are able to study better. The teachers are also able to do their job better. And I think that this is one of the best steps so that we will get really lit rate children coming up in the new generation in the near future. Ragging used to go on in the colleges. I am glad that this ragging is now stopped. Still I am sorry to state here that only yesterday in one of the papers I found that a student was once again ragged so much that he at once wanted to run away from the college but I find that was one olitary case. In the previous years every fresher to these colleges used to get disgusted on account of this ragging and it felt a lasting impression on the mind of these freshers.

Sir, this 20-point programme if worked out with the real intention behind it, I think our country should very soon be on its way to a lasting progress. I do hope that the Chief Ministers of the States will see to it that this 20-point programme gets implemented in their respective States so that we could all look forward to a state of healthy and literate working and quick progress in the near future.

श्री मोहन स्वरुप (पीलीभीत) : सभापति महोदय, मैं बहुत आपका आभारी हूं कि तीन दिन इतजार करने के बाद बोलने का अवसर प्राप्त हुआ है । प्रधान मत्री श्रीमती इंदिरा गांधी ने जो यह एमर्जेंसी-लागू की है यह बड़ी सामयिक है, साहसिक है और सराहनीय है और मै उसका अभिनन्दन करता हू । मैं ही नही, बल्कि देश के कोटि कोटि सर्वहारा व्यक्तियां ने और पिछड हुए व्यक्तियों ने इस कदम की सराहना की है । मेरी यह इच्छा है और भगवान से प्रार्थना है कि यह चले, अच्छ ढंग से लागू हो और इसके आग भी जो प्रोग्राम आने वासे हों वह आगे आएं तथा देश का कल्याण होले जब तक कि देश मे आर्थिक स्वतंत्रता प्राप्त नही होती है, उस वक्त तक राजनैतिक स्वतन्त्रता का कोई मतलब नहीं होता है । इस सदर्भ में यह जो 20 सूत्रीय प्रोग्राम आया है यह हर तरीके से प्रशंसनीय है, सराहना योग्य है और मुझे खुशी है कि इसमे मे बहुत सारे कार्यक्रम कार्यान्वित भी हो चुके हैं और कुछ होने जा रहे हैं ।

तो मैं उन पर ज्यादा चर्चा न करते हुए कुछ थोड़ी और बाते कहना चाहूंगा । जहां तक कि लैंड सीलिंग का प्रश्न है वह तो हो

[श्री मोहन स्वरूप]

हो चुका है औ आगे होने जा रहा है । उस पर बड़ी तेजी से काम हो रहा है और हो ही जायेगा क्योंकि आप जानते हैं कि हमारा जो खेती का पेशा है वह खुले हुए आसमान के नीचे है और वह जाहिर है, आंखों के सामने नजर आता है । लेकिन दुनिया में और पेशे हैं जो आंखों से नजर नहीं आते । दौलत है जो छिपी हुई है । इस देश में करोड़ों, अरबों रुपया ब्लैक मनी की शक्ल में छिपा हुआ है, करोड़ों अरबों रुपया इवेडेड टैक्स की शक्ल में है । उसको पकड़ने के लिए कोई अच्छे स्टेप नहीं उठाए गए हैं । अभी एमर्जेन्सी जब लागू हुई तो बड़े जोरों से चर्चा थी कि शहर की प्रापर्टी पर भी सीलिंग आएगी और हम लोगों को तसल्ली हुई थी, गांवों के लोगों को हम कहा करते थे कि गांव में खेती पर सीलिंग आई है तो कोई बात नहीं है, शहरों पर भी आने वाली है । कभी हम नारा लगाते थे कि "धन और धरती बंट कर रहेगी, भूखी जनता चुप न रहेगी", तो मैं उनसे कहता कि तुम नाराज क्यों होते हो, शहर पर भी सीलिंग आने वाली है । लेकिन मुझे यह देख कर थोड़ा सा अचरज हुआ कि शहरी प्रापर्टी पर कोई बिल इस सत्र में नहीं आ सका और मुझे इससे निराशा हुई । मैं वित्त मंत्री जी से कहना चाहूंगा कि शहरी प्रापर्टी पर भी जल्द से जल्द सीलिंग का बिल आना चाहिए, ताकि गांवों की जनता को भी थोड़ी सी राहत मिले और थोड़ा संतोष हो कि हम पर ही नहीं, बल्कि शहर वालों पर भी कुछ होने वाला है । इसके साथ साथ जो दौलत छिपी हुई है, जो ब्लैक मनी है उसे बाहर निकालना चाहिए ।

आप जानते हैं इस देश में 3 लाख 60 हजार गांव हैं जिनमें 350 मिलियन एकड़ धरती जोतने योग्य है । उसका अगर हिसाब किताब जोड़ा जाय तो एक डेढ़ एकड़ जमीन प्रति व्यक्ति पड़ेगी । गांवों में 83 प्रतिशत आदमी रहते हैं जिनमें कि 70 प्रतिशत आदमी खेती करते हैं और बाकी लोग लैंडलेस लेबरर हैं या बेकार रहते हैं, कोई काम उन के पास नहीं है । इन सब की हालत बहुत खराब है ।

मैं आपको एक बात और बताऊं कि देहात में ला एण्ड आर्डर सिचुएशन बहुत खराब होती जा रही है दिनों दिन और उसका फल यह हो रहा है कि लोग देहात से भाग कर शहरों में आ रहे हैं, शहरों में मकान बना रहे हैं, अर्बनाइजेशन हो रहा है । देहात से लोग जा रहे हैं और खेती की तरफ से जो फायदा होने वाला था वह नहीं हो रहा है । उसका कारण एक यह है कि खेती के जो टार्गेट बनते हैं वह ऊपर से बनते हैं, नीचे से नहीं बनते । किसान से तो कभी पूछा नहीं जाता कि तुमको किस चीज की आवश्यकता है, किस चीज की कमी है ? खेती के बारे में टार्गेट जो बनाते हैं वह दिल्ली के अन्दर हवादार कमरों मे बैठने वाले बनाते हैं । किसान से कभी पूछा नही जाता । प्राइस गेहूं की या पैडी की फिक्स की जाती है तो प्राइस कमीशन वाले फिक्स करते हैं । कौन होते हैं वह ? "एक्सपर्टस" कहलाते हैं जिनको खेती का पता नहीं होता । वह जानते नही हैं कि गेहूं की बाली और जौ की बाली में फर्क क्या है ? यह वह यदि बता दे तो मैं खेती करना छोड़ दूंगा । वे लोग हमारे गेहूं और पैडी का दाम फिक्स करते हैं । इसलिए मेरा वित्त मंत्री से अनुरोध है कि खेती की योजनाएं नीचे से बननी चाहिएं, नीचे से चलनी चाहिएं, तब वह कामयाब हो सकती हैं, अन्यथा वह कामयाब नहीं होंगी और इसी तरह वह फेल होती रहेंगी ।

हमारे बहुत से मित्रों ने शैड्यूल्ड कास्ट और शैड्यूल्ड ट्राइब्ज के लोगों की बात की । यहां पर इस देश में एक और तबका है जिसको बैकवर्ड क्लासेज कहा जाता है । लेकिन बैकवर्ड क्लासेज की परिभाषा आज तक जो होम मिनिस्ट्री ने की है उसी को मान लिया

गया है, शैड्यूल्ड कास्ट और शैड्यूल्ड ट्राइब्ज को। लेकिन मैं आपको बतलाऊं कि बैकवर्ड क्लासेज की एक बहुत बड़ी तादाद है। मेरे बहुत से मित्र बैठ हैं, वह मेरे से सहमत होंग कि इनकी संख्या करोड़ों में जा कर बैठेगी। उनकी हालत को दुरुस्त करने के लिए काका साहेब कालेलकर की एक कमेटी बैठी थी और उसने एक रिपोर्ट भी सबमिट की थ। लेकिन वह रिपोर्ट कोल्ड स्टोरेज मे पड़ी हुई है। पता नही उस पर क्या हो रहा है? आज तक उसका पता नही लगा। मेरा निवेदन है कि आप जब सब लोगों को आगे बढ़ाना चाहते है और हमारा उद्देश्य यह है कि हम सब पिछड़े हुए लोगों को ऊपर उठाएं, हमारे 20 सूत्रीय कार्यक्रम का मतलब है गरीब लोगों को आगे बढ़ाना तो ये जो पिछड़ हुए लोग है जिनको आज तक नेगलेक्टेड रखा गया है उनको भी आगे बढ़ाया जाना चाहिए और उनको तभी बढ़ाया जा सकता है जब मालूम हो कि उनकी प्रबलम असल मे क्या है। उनकी प्राबलम तभी मालूम होगी जब उस रिपोर्ट पर डिस्कशन हो। तभी अपने आप सारी बातें सामने आएंगी।

देश मे बेकारी बहुत है। इस सिलसिले में मैं निवेदन करना चाहता हूं कि इलस्ट्रेटेड वीकली में एक आर्टिकल निकला है—चेंज दि पैटर्न आफ एजूकेशन। मैं चाहता हूं कि एजूकेशन का पैटर्न भी बदला जाना चाहिए। एजूकेशन "जाब ओरिएंटेड" हो। आज जो हम ग्रेजुएट्स निकाल रहे है कालेजों से वह बेकार आदमियों की एक फौज निकलती जा रही है, उस से कोई लाभ होने वाला नहीं है।

उसका एक पैराग्राफ़ यहां पर है पढ़ देना चाहता हूं:

"Everyone is anxious that India should not remain long as a poor country, but the public has yet to realise that appreciable progress in removing poverty cannot be made till illiteracy is removed. Literacy in India increased from about 14 per cent in 1947 to only 21 per cent in 1971 while the population increased at more than 2 per cent. We have, therefore, more illiterates today than in 1947 and we have the shameful distinction of having more than half the illiterates of the word".

दुनिया भर में जितने इल्लिट्रेट है उसके आधे केवल हमारे देश में ही हैं। यह कितनी शर्मनाक पोजीशन है। इस हालत को दुरुस्त करने के लिए भी हमको कुछ कदम उठाने चाहिए और वह तभी हो सकता है जबकि हम अपनी शिक्षा पद्धति को बदले। मेरी अपनी निगाह में हमारी शिक्षा पद्धति जब तक जाब ओरिएन्टेड न हो तब तक कोई फ़ायदा नहीं है। केवल ग्रेजुएट बना देने से या हाई स्कूल, इन्टर कर देने से कोई लाभ नहीं होगा। यह मेरा अपना निश्चित मत है और बहुत से दूसरे लोगो की भी ऐसी ही राय है।

हमने अपने गावों में अपनी सरकार की सहायता से कैश प्रोग्राम शुरू कर रखे थे और वह बड़े जोरों से चल रहे थे। उस प्रोग्राम के अन्तर्गत देहाती इलाकों में जितनी सड़कें बनी है उतनी पिछले 30 वर्षों में नहीं बनी थी। लेकिन अब उस काम को रोक दिया गया है। बहुत सी सड़कें तो ऐसी हैं जहां पर अर्थ-वर्क हो गया है वहां पर सारा मैटीरियल आ गया है, रोलर भी है, वाचमेन भी है और वहां पर मैटीरियल गायब हो रहा है, मिट्टी घुल घुल कर नीचे जा रही है और सारा सामान डेटेरियोटेट हो रही है। इस तरह से कैश प्रोग्राम के अन्तर्गत वहां पर जो खर्चा किया गया सड़क बनाने में और वह कार्य अधूरा रह गया है उसमें बड़ा नुकसान हो रहा है। मेरा निवेदन है कि अगर आप नयी सड़कें नहीं बना सकते हैं तो जो सड़कें अधूरी पड़ी हुई हैं उनको ही दुरुस्त

[श्री मोहन स्वरूप

करवा दीजिए । यह जो सड़कों का कम्युनिकेशन का काम है वह गावों में लाइफ़लाइन का काम देता है । देहात मे अगर एक गांव से दूसरे और हाट बाजार तक सड़कें हों तो बड़ी उन्नति हो सकती है । अभी अभी कुछ काश्तकार प्राइम मिनिस्टर से मिले थे तो उन्होंने कहा था कि मंडियां ज्यादा से ज्यादा खोली जायेंगी । मैं चाहता हूं उनका कथन सही साबित हो । सूबे की सरकारें केन्द्रीय सरकार की सहायता से ज्यादा से ज्यादा मंडियां देहाती इलाकों में खोलें ताकि किसान अपनी प्रोड्यूस मंडियों तक ले जा सके और वहां पर अच्छा पैसा प्राप्त कर सके । मैं यह निवेदन करना चाहता हूं कि अगर किसानों को इंसेन्टिव नही मिलेगा उसको उसकी मेहनत का मुआविजा नहीं मिलेगा तो वह खेती करना छोड़ देगा । वह गेहूं न बोकर गन्ना और सब्जी बोयेगा । वह धान नही बोयेगा कोई दूसरी चीज पैदा करेगा । फ़लस्वरूप जब गल्ले की कमी हो जायेगी तो आप कहेंगे हमारे सामने क्राइसिस आ रही है । इसलिए मेरा निवेदन है कि किसान को उसकी उपज का मुनासिब मूल्य मिलना चाहिए । पिछली बार एग्रीकल्चरल प्राइसेज कमीशन की रिपोट पर बहस के समय इस हाउस के तमाम लोगों ने कहा था कि किसान को गेहूं का मुनासिब पैसा मिलना चाहिए लेकिन वह बात नही मानी गई । जितने भी काश्तकार है सभी ने अपील की कि गेहूं का मुनासिब दाम मिलना चाहिए । आप 17 परसेन्ट आदमियो को जोकि शहरों मे रहते हैं उनका आप 83 परसेन्ट किसानो का कम कीमत पर गल्ला देकर खुश करना चाहते हैं । मैं स्वयं किसान हूं इसलिए उस लिहाज से कहता हूं कि जब हम बाजार में अपनी जरूरत की चीजे खरीदने के लिए जाते हैं तो ट्रैक्टर मंहगा, ट्रैक्टर के पार्टस मंहगे, डीज़ल मंहगा और हर चीज मंहगी है लेकिन जब आप गल्ला लेकर बाजार में जाते हैं तो वह सस्ता बिकता है । अभी फ़र्टिलाइज़र के दाम घटाने की बात कही गई है लेकिन उससे कोई खास लाभ नही होगा ।

MR. CHAIRMAN: You cannot go on like this; please conclude now. There are a number of speakers. Shri Swaran Singh Sokhi.

श्री मोहन स्वरूप : मै आपके हुक्म की पाबदी करते हुए समाप्त करता हूं ।

SARDAR SWARAN SINGH SOKHI (Jamshedpur): Sir, I welcome the new twenty point economic programme announced by the Prime Minister on the first of July this year which had been hailed not only by everybody in the country but also by those who were against the policies of the Government. It has also generated hope and encouragement in the minds of the people.

In this connection I have a few suggestions to make for its effective implementation. Every endeavour should be made to bring down prices of essential commodities and the administrative machinery of the Governments in the Centre and the States srould be geared up and streammed. Sazy, corrupt and communal-minded Government servants and officials should be dismissed immediately and no mercy should be shown because much harm had already been done by such officers and we cannot afford it any more. Land above the ceiling should immediately be confiscated and distributed among the landless poor and labour and Harijans and Adivasis, who are the actual sufferers; even after independence they are not independent. The State Governments should be asked to make time-bound programme. If any officer delays in executing the orders he should be arrested under the emergency. I personally know that there are so many such officers of the IAS and IPS cadre in Bihar who damn care for the economic programme of the Government because they have made enough

money and property for the rest of the life of themselves and their families. There are many social institutions like clubs, etc. in the country, such as the Gymkhana club at New Delhi and they have large areas lying unused. Such land should be taken over immediately and distributed among the middle-class people for building dwelling houses. Urban land and property ceiling should be imposed immediately during this session or by an Ordinance in the near future. Government should pay more attention towards family planning programme and one house per family should be built for the backward classes, who are six or seven crores in our population.

It is really surprising that even after three decades of independence, bonded labour system still exists in our country which should have been stopped immediately after Independence. This should be stopped immediately. No labour in Bihar is paid according to the Minimum Wages Act. The contractors and Government officials pocket fifty per cent of their wages while making weekly or monthly payments. Even Working women are asked to Work till late in the evening. Without pay. The Government should take immediate action and prosecute such persons.

Loans against small farmers and artisans should be written off; they are humiliated by the Government staff for petty sums. Under ground water should be pumped for irrigation. Something should also be done to control the floods in the country which come every year. I suggest that big rivers in the country should be joined from north to south and from east to west. Why cannot we do this when we can put Aryabhatta in space? Similarly power generation programme should be given the top priority and coal which is in abundance and plays the most important part should be sufficiently mined and transported to the steel plants, power houses, etc. especially to the Bokaro Steel Plant, where one biggest blast furnace in the country could not be commissioned for the last few months for want of coal. No coal should be imported as suggested by the SAIL under the Ministry of Steel and Mines. In our own country there is no dearth of coal. I cannot understand why such foolish suggestions are made by the officers in the Ministry of Steel and Mines. Thefts of power and equipment should be checked with strong hand immediately.

15 hrs.

Poor handloom weavers are still in the same condition and state of affairs as back as 30 years due to stepmotherly behaviour of the Government officials. They should not be allowed to suffer any more, if we really want to implement this programme.

The Income-tax Department raids on the luxurious houses in posh colonies in big cities should be carried out more vigorously as the recent raids have shown good results. The valuations of the conspicuous buildings should be properly assessed in big cities including the interior decorations which have been done by tax evasions and such buildings should be immediately confiscated.

Misuse of Import licences by any persons in the past should be scrutinised from the old records by the CBI and persons whether in Government or companies found guilty should be sent to jails under emergency and should be given the maximum punishment.

Issue of national road permits should be encouraged and should be issued to only deserving persons or companies and no old firm should be given the permits unless the educated

[Sardar Swaran Singh Sokhi]

unemployed youth are provided with the maximum benefits of these permits systems in the country.

The supply of essential commodities at controlled rates to the schools, colleges and hostels would certainly give relief to the parents and guardians to a great extent and by this scheme no politician can exploit the students for their personal gains any more, if this is done promptly.

Apprenticeship is a basic thing for entering into any trade or craft after the academic career without which the education is meaningless and no delay should be made in this regard. Necessary mobile workshops should be switched on for the backward and rural areas for this purpose, with trained technical staff.

Sir, with these words, I conclude my speech by again repeating that this 20 point economic programme should be vigorously implemented without any loss of time and the dedicated, honest and tested officers with clean records should be entrusted with this very very important job at every level whether in Centre or States, with strict watch on their day-to-day progress of work.

The officers should also be very careful in using their powers under the emergency—D.I.R. and MISA and that also without bias—so that the goal could be achieved within a limited period and any negligence on the part of the Government officials who are first of all public servants should be severely dealt with.

*SHRIMATI BHARGAVI THANKAPPAN (Adoor): Mr. Chairman, Sir, all the reactionary interests and left adventurists in the country joined together and hatched out an unprecedented conspiracy in the history of this country. We have faced that challenge boldly and we have tried to do something for the welfare of the poor people, the agricultural labourers etc. The Prime Minisetr, Shrimati Indira Gandhi, has brought forward this 20-point economic programme with the sole aim of ameliorating the manifold miseries of the masses of this country. I heartily welcome this economic programme.

Sir, in order to implement this economic programme effectively and expeditiously, we need all the courage. When the implementation of the programme has started, the prices of all essential commodities have started declining. In the case of many commodities, the prices have come down. It is really a welcome feature. In our country there are lakhs of poor homeless and landless people. A decision has been taken to give at least 10 cents of land each to the poor landless agricultural labourers. This is really to be commended. There are millions of poor people belonging to the scheduled castes and scheduled tribes and other economically and socially backward communities. I request the Government to evolve a suitable and competent administrative machinery to distribute all the available surplus land to these people. Sir, in Kerala, the Land Reforms Act has already been implemented and in other States also such Land Reforms Acts have been passed But it is regrettable that in other States the land reforms legislations have not been implemented in their letter and spirit. There are many States where the surplus land has not been taken over and distributed. Therefore, my request is that land reforms should be implemented vigorously throughout the country forthwith, so that the depressed and oppressed people in our country can benefit from that.

*The original speech was delivered in Malayalam.

Sir, the bonded labour system has been continuing in this country. The Harijans, had taken a decision that this bonded labour should be abolished. Sir, that decisions was the Magna Carta of the Harijans of this country. But, even after 28 years of Independence, that decision remains on paper and it has not yet been implemented. There are heart-rending stories about the atrocities being committed on Harijans in many parts of the country. The Kerala Government has passed a legislation abolishing the bonded labour and this has been sent to the President for his assent. I hope that the President would give his assent soon to this Bill.

For the development of industry, we have to put many schemes into operation. Sir, the people belonging to the scheduled castes and scheduled tribes should be given preference in the setting up of industries; they should be given financial aid and technical assistance by the Government. Similarly, in regard to agricultural development also, there should be no delay in putting into operation many schemes. There are many pending major irrigation projects in Kerala. For example, the Kallada project could not be completed on account of paucity of money. About Rs. 4.5 crores have already been invested on this project. This scheme requires Rs. 45 crores. I do not know when this scheme will be completed. These are very essential schemes for the agricultural advancement. There are many such similar schemes in other States also. I request that necessary steps should be taken immediately for implementing expeditiously all such schemes intended for the development of agriculture.

Sir, you know that coconut is the backbone of Kerala's economy. It is the duty of the Central Government to come to the rescue of millions of coconut growers in Kerala who are on the verge of extinction. I suggest that immediately a Coconut Board should be set up to extricate the millions of coconut growers from the clutches of penury and misery. It is very essential that necessary steps should be taken by the Central Government in this matter.

The wellknown commercial crops of Kerala are cashew-nut, cardamom, ginger, pepper etc., which earn valuable foreign exchange for the country. I am sorry to say that the Government has not given adequate and due attention to the development of such cash and commercial crops in Kerala. The Central Government should give liberal financial aid to the State Government for this purpose. Many cashew factories have been closed down in Kerala because they are not getting raw nuts. Now there is no possibility of getting raw cashew-nuts from African countries. It has become very necessary to start cashew plantations on a bigger scale wherever possible. The Kerala Government has chalked out the scheme for this purpose. But some States have not taken the cue from Kerala; they have not come forward to start cashew plantations. I recently visited the Agricultural University in Maharashtra. The authorities told me that they started a cashew plantation, but they did not meet with success. They felt that since the cashew plants were not properly nurtured, the cashew crops withered away. They could not pay necessary attention to this problem. Therefore, my request is that the Central Government should give definite instructions to all the States to start cashew plantations. Moreover, in Kerala, many cashew factories have now been closed. The Government of India must take steps to get all these cashew factories reopened, which is very essential for the very survival of Kerala's economy and also the poor people who are engaged in this industry.

Sir, I am very hapy that priority areas have been located in the matter of this 21-point economic pro-

[Shrimati Bhargavi Thankappan]

gramme, which when implemented will benefit the common people of our country. Sir, during this period of Emergency, this economic programme must be implemented vigorously. It is a welcome thing that the school-going children would be getting school books freely. In Kerala we are already giving books to the children freely. But it is not always possible to give books, pencils and such other stationery items to the children freely. We must be given financial aid by the Central Government so that the children in my State will be enabled to get all their educational requirements freely.

With these words, I conclude.

श्री अनादि चरण दास (जाजपुर) : सभापति जी प्रधान मंत्री द्वारा घोषित 20 सूत्री कार्यक्रम का मैं समर्थन करते हुए कुछ सुझाव देना चाहता हूं। सब से पहली बात उसमें उत्पादन बढ़ाने की कही गई है। उत्पादन बढ़ेगा कैसे ? जो उत्पादन सामग्री होती है वह तो बड़े बड़े साहूकारों के हाथ में है चाहे जमीन हो, या कारखाना हो। इसलिए जब तक प्राइवेट सैक्टर को पब्लिक सैक्टर में नहीं लाते तब तक उत्पादन नहीं बढ़ सकता। अभी जो प्राइवेट और पब्लिक सैक्टर यह दो रास्ते जो चल रहे हैं यह ठीक नहीं हैं। इनको मिला कर पब्लिक सैक्टर में चलाना चाहिये। अभी इमरजेंसी है अगर इस समय हमने ऐसा नहीं किया तो फिर नहीं कर सकते और परिणाम यह होगा कि जो स्थिति इमरजेंसी से पहले थी वही बाद में हो जायेगी। हमारा लक्ष्य समाजवाद का है जो कठिन रास्ता है। समाजवाद बड़ी कठिनाई से आता है। समाजवाद के रास्ते में जो रुकावट हो उसको दूर करना चाहिए। यह 20 सूत्री कार्यक्रम हमारे लिए गीता की तरह है। जिस प्रकार गीता का कितनी ही तरह से भाष्य किया गया है उसी तरह से 20 सूत्री कार्यक्रम के बारे में अपने अपने विचार प्रकट किये हैं जिनसे सरकार को बल मिलता है। लेकिन इसको अमल में लाने के लिए सरकार को दृढ़ता से काम करना चाहिए।

पूंजी जिस व्यक्ति के पास होती है वह शोषण करता है जबकि सरकार पूंजी को सबके लाभ के लिए खर्च करती है। इसलिए प्राइवेट लोगों के हाथ में जो पूंजी है वह जितनी कम हो सके उतना ही अच्छा है। यह पूंजी चाहे मनी लैंडर के पास हो, बिजनेश मैन के पास हो या कारखाने वाले के पास हो, पूंजी का अर्थ ही शोषण होता है। यदि सरकार के पास पूंजी आती है तो वह अच्छे काम में लाती है। इसलिए व्यक्तिगत पूंजी को कम किया जाय तभी हमारा उत्पादन बढ़ सकता है।

जहां तक लैंड सीलिंग की बात है यह ऐक्ट उड़ीसा में सब से अच्छा है लेकिन कुछ काम नहीं हो रहा है इस का कारण यह है कि जिन के पास ज्यादा जमीन है वही एडमिनिस्ट्रेटर और एम०एल०ए० बन कर बैठे हुए हैं जिसकी वजह से सीलिंग ला लागू नहीं हो रहा है। ऐसा सीलिंग ला मुझे पसन्द नहीं है। जमीन उत्पादन का साधन है इसलिए सम्पूर्ण जमीन को विलेज कम्युनिटी के नीचे लाइये। जमीन गांव की होती है जो लोग सचमुच कास्तकार हैं वही उसके मालिक होने चाहिएं और जमीन का उत्पादन समाज के लिए होना चाहिए जिसका वितरण या तो समाज करे या गांव की जनता करे या सरकार करे। लेकिन ऐसा न हो कर अभी यह होता है कि जमीन बड़े बड़े लोगों के हाथ में है, वह उस जमीन को छोड़ते नहीं और सरकार अगर कुछ सुधार करना चाहती है तो उसमें रुकावट लाते हैं। इसलिए जमीन विलेज कम्युनिटी की होनी चाहिए। जब तक ऐसा नहीं होगा तब तक उत्पादन नहीं बढ़ेगा।

इस कार्यक्रम में यह भी कहा गया है कि हरिजनों, आदिवासियों और भूमिहीनों को

मकान के लिए जगह दी जायगी। इस बारे में मेरा सुझाव है कि जो हरिजन, आदिवासी बड़े ज़मींदारों, राजा, महाराजाओं की ज़मीनों पर अभी बसे हुए हैं आप वही ज़मीन उनको मकान बनाने के लिये दे दीजिये। अलग से ज़मीन देने का झगड़ा ही न रखें। हो यह रहा है कि जो गरीब लोग बड़े-बड़े ज़मींदारों की ज़मीनों पर बसे हुए हैं उनको बड़े लोग मार मार कर निकाल देते हैं। यह चीज़ नहीं होनी चाहिए, इस पर सरकार को शीघ्र ध्यान देना चाहिए।

जहां तक बौंडेड लेबर प्रथा को समाप्त करने की बात है, मैं आप से निवेदन करना चाहता हूं कि इसके लिये मुझे कई बार जेल जाना पड़ा। उड़ीसा में 1956 में डेट बौंडज एक्ट बना। वहां प्रथा यह है कि साहुकार और ज़मींदार लोग आदिवासी लोगों को अपने घर में नौकर रख लेते हैं जो उनके यहां काम करते हैं और उसके एवज में उनको खाना मिलता है तथा 5 रु० सालाना तन्खवाह। यदि किसी ने जरूरत पड़ने पर 100 रु० कर्ज़ ज़मींदार से ले लिया तो उसकी कटौती 5 रु० सालाना के हिसाब से 20 साल में होगी। लेकिन बीच में कभी न कभी पैसे की जरूरत हर इन्सान को पड़ती रहती है जिसकी वजह से वह गरीब आदमी जीवन भर उस पैसे को नहीं चुका पता और जीवन पर्यन्त वह ज़मींदार का कर्जदार रहता है और उसके बदले में उसे सारी उम्र उस ज़मींदार के यहां काम करना पड़ता है। इस कुप्रथा को समाप्त करने में सरकारी नौकर भी कोई मदद नहीं करते। मेरे समय में एक कलेक्टर, जो गरीब का लड़का था, उसने हमारी मदद की। लेकिन स्वतंत्र दल की सरकार ने उस कलेक्टर का वहां से तबादला कर दिया यह कह कर कि यह अच्छा आदमी है इनकी दूसरी जगह आवश्यकता है। इस प्रकार स्वतंत्र दल की सरकार ने अच्छे कामों में रुकावट डाली। मुझे खुशी है कि इस प्रथा को समाप्त करने की ओर सरकार ने कदम बढ़ाया है। मेरा निवेदन है कि इस दिशा में सरकार को दृढ़ता से कदम उठाना चाहिए जिससे गरीब लोगों को राहत मिले। इस वजह से यह जो कठिन रास्ता है, इसके बारे में जरूर विचार करना चाहिए।

जहां तक डेट्स का सम्बन्ध है, उसके बारे में मेरा यह सुझाव है कि जहां पर प्राइवेट मनी-लैंडर्स हैं, उनको एबोलिश कर देना चाहिए और जहां पर उनको खत्म कर दें वहां पर आपको बैंक्स, कोआपरेटिव बैंक या कोआपरेटिव सोसाइटी खोलनी चाहिए जो कि उन लोगों को कर्ज़ दे। अगर ऐसा आप करेंगे तो मनी लैंडर्स द्वारा जो शोषण होता है, वह बन्द होगा।

वीकर सेक्शन्स के लिए आप ने प्रोग्राम बनाया है और आप ने टी०डी०ए० बनाये हैं लेकिन उनसे ट्राइबल लोगों को कोई मैटीरियल गेन नहीं होता है। मान लीजिये कि वे कोई रोड बनाते हैं या कुएं बनाते हैं या कोई दूसरी चीज़ बनाते हैं, तो वे कांट्रक्टर्स द्वारा बनाये जाते हैं, तो उनसे ट्राइबल लोगों का कोई मैटीरियल गैन नहीं है। हमारा कहना तो यह है कि अगर आप हमारे बाल-बच्चों को पढ़ाने की व्यवस्था करें और उसके लिए ज्यादा पैसा खर्च करें, तो वे अपना रास्ता अपने आप बना लेंगे। टी०डी०ए० से हम को कोई खास फायदा नहीं होता है। पहले साहूकार शोषण करते थे और अब टी०डी०ए० के सरकारी लोग शोषण करते हैं। ट्राइबल डेवलपमेंट के नाम पर सारा जंगल ले लिया और पहले साहूकार जंगल की प्रोड्यूस लेकर खर्च करता था, अब ये लोग खर्च करते हैं। इस तरह से उन लोगों को कोई फ़ायदा नहीं मिलता है। इसलिए मेरा कहना यह है कि हमारे बच्चों को एजुकेशन मिलनी चाहिए और उनको होसपिटल्स में रख कर सब बन्दोबस्त उनके लिए करना चाहिए और उनकी पढ़ाई होनी चाहिए। अगर आदिवासियों और हरिजनों के बच्चे पढ़ जायेंगे, तो वे अपना रास्ता अपने आप जरूर निकाल लेंगे।

[श्री अनादि चरण दास]

एक और बात करघे के बारे में कहना चाहता हूं। करघे का आप सुधार करना चाहते हैं। मेरा कहना यह है कि खादी और विलेज इंडस्ट्री में भी सुधार किया जाये। अभी विलेज इंडस्ट्रीज में क्या होता है कि उस को अधिष्ठान चलाता है। आप के चरखे का सुधार हो गया है और करघे का सुधार हो गया है। उसके लिए आप इंडिविजुअल्स को बैंकों द्वारा सहूलियतें नहीं देते हैं। यह काम खादी कमीशन करता है। इस में भी सुधार होना चाहिए। मान लीजिए, मुझे एक चरखा चाहिए, तो मुझे खादी कमीशन के पास जाना पड़ेगा। वह कहता है कि आप सोसाइटी बना लो और उस को पैसा मिल जायेगा लेकिन एक चरखा 750 रुपये में आ जाता है और अगर उतना रुपया मुझे मिल जाये, तो मैं उसको खरीद सकता हूं और दो, तीन रुपये कमा सकता हूं। इसलिए मेरा कहना यह है कि खादी कमीशन जो चल रहा है, उसके काम मे सुधार करना चाहिए। विलेज इंडस्ट्रीज को खादी कमीशन चलाता है और इस को सुधारने की आवश्यकता है। अगर लोगों को पैसा मिल जाता है और वे अपना काम करना शुरू कर दें, तो इस से उन लोगों को ज्यादा लाभ होगा। मेरा कहना यह भी है कि जहां पर हरिजन कन्सनट्रेटेड हैं, वहां पर आप उनके लिए प्रोजेक्ट बनाते हैं, उसी तरह से ट्राइबल लोगों के लिए प्रोजेक्ट बनाना चाहिए।

इन शब्दों के साथ मैं अपना भाषण समाप्त करता हूं और इस 20 सूत्री कार्यक्रम का समर्थन करता हूं।

SHRI M. RAM GOPAL REDDY (Nizamabad): The time has been extended only to accommodate all those on the list. If each Member is given only five minutes, all of them can be accommodated.

MR. CHAIRMAN: What can I do? Members are not co-operating.

श्री जांबुवंत धोटे (नागपुर) : सभापति महोदय, 20 सूत्री कार्यक्रम हमारे देश के लिए और इस सरकार के लिए नया कार्यक्रम नहीं है। 20 सूत्री कार्यक्रम या 21 सूत्री कार्यक्रम या ऐसे कई सूत्री कार्यक्रम, हमारे देश में सरकार की ओर से और सरकारी दल की ओर से लाये गये हैं। कांग्रेस दल का अवाडी का अधिवेशन हुआ, उसमें समाजवाद की गाथा गाई गई, भुवनेश्वर के अधिवेशन में भी यही बातें कही गईं, 1972 का जब चुनाव आया, उस वक्त भी 'गरीबी हटाओ' का नारा बुलन्द करके यही बातें कही गईं और आज फिर से 20 सूत्री कार्यक्रम या आर्थिक कार्यक्रम जो देश के सामने रखा गया है, इस 20 सूत्री कार्यक्रम में भी वही बातें कही गई हैं लेकिन खुशी की बात यह है कि आज इसमे समाजवाद की लम्बी-चौड़ी बातें नहीं कही गई हैं, इसमें सरकार ने यह नहीं कहा कि हमारा कैरेक्टर समाजवादी है या हम समाजवाद लाना चाहते हैं। इसलिए हमें उम्मीद है कि इस 20 सूत्री कार्यक्रम के ऊपर पार्टी-इन-पावर की ओर से अमल किया जा सकेगा।

अब प्रश्न यह है कि इस 20 सूत्री आर्थिक कार्यक्रम को इस देश में अमल में लाने के लिए, इस देश का सारा माहौल बदलवाने के लिए क्या आपातकालीन स्थिति इस देश में जरूरी थी या नही। यह बात सही है कि आपातकालीन स्थिति जाहिर करके और उसकी घोषणा होते ही बहुत सारी अच्छी बातें हम देख रहे हैं। जादू का सा असर इस आपातकालीन स्थिति का जन-सामान्य पर, ब्योरोक्रेसी पर और हाउस पर भी हुआ, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि आपातकालीन स्थिति निहायत जरूरी थी। प्रश्न यह है कि आपातकालीन स्थिति जाहिर की गई है, वह राजनीतिक थी, सामाजिक थी, आर्थिक थी, जरूरी थी या नहीं थी, यह प्रश्न अलहदा है। प्रश्न यह है कि इस आपातकालीन स्थिति का इस्तेमाल हम काहे के लिए कर रहे हैं। इस आपातकालीन स्थिति का इस्तेमाल

यदि केवल कुर्सी कायम रखने के लिए, गद्दी पर बैठे रहने के लिए हम करते हैं, तो भविष्य में आने वाला काल हमे कभ, क्षमा नही करेगा। इस देश में हम सब के लिए, हर आदमी के लिए यह एक सुनहरा मौका आया है और इम सुनहरे मौके को, इम आपातकालीन स्थिति को यदि हम सही ढं से इस्तेमाल करते है, तो हम इस देश की हालत को, इस शस्य श्यामला तथा सुजला भूमि को, जो सोने का धूरा बाहर निकालती है, बहुत अच्छा बना सकते है। इस आपात-कालीन स्थिति की घोषणा होने के बाद, जिन लोगो को गिरफ्तार किया गया है, वे लोग यदि इस 20 सूत्री कार्यक्रम के अमल मे बाधा नही लाते और जो गिरफ्तार किये हुए लोग हैं इस हाउस के या हाउस के बाहर वे यदि इस 20 सूत्री कार्यक्रम को अमल मे लाने के लिए मदद करते है और प्रतिज्ञा ले कर वह ऐसा करने के लिए तैयार है, तो उन सारे लोगो को तुरन्त रिहा करना चाहिए। इस 20 सूत्री कार्यक्रम की घोषणा के बाद अगर कुछ लोग आप के पास आ कर इस के समर्थन के लिए कहते है और उन को हम नेशनेलिस्ट समझते है और प्रोग्रेसिव समझते है, तो यह ठीक नही होगा। इस 20 सूत्री कार्यक्रम का इस देश मे किस ने विरोध किया है, यह देखना चाहिए। जो लोग जेल में है वे इस के समर्थक नही है और जो बाहर हैं वे सारे इस के विरोध नही है, ऐसी बात नहीं है। डर की वजह से अगर कोई समर्थन करता है तो वह अलग बात है। मतलब के लिए अगर कोई समर्थन आपका करता है तो अलग बात है। बीस सूत्री कार्यक्रम के मार्ग से जो-जो बाधाये हैं उनको हमें दूर करना चाहिये। जो भी बाधा खड़ी करता है उसके लिए हमारे पास कोई गह नहीं होनी चाहिये, उसकी जगह जेल के अन्दर होनी चाहिये। जो जेल के अन्दर हैं वे भी अगर बीस सूत्री कार्यक्रम का समर्थन करते हैं और सक्रियता से करते हैं तो उनके वास्ते जेल के दरवाजे खोल देने चाहिये और उनको रिहा कर देना चाहिये।

इस बीस सूत्री कार्यक्रम को अमल मे लाने में कौन लोग हैं जो बाधायें खड़ी करते है, जो दिक्कतें पैदा करते है, अड़गे लगाते हैं। एक तो ब्यूरोक्रेसी है जो कि अडंगे लगाती है। दूसरे पूजीवादी वर्ग है, उद्योगपति है और उसके दलाल हैं जो दिक्कतें और रोड़े खड़े करते है। तीसरे वेस्टिड इंटरेस्ट है जो हाउस के उधर भी बैठे हुए है और इस तरफ भी बैठे हुए है, अन्दर भी है और हाउस के बाहर भी है। आप पार्टी इस पावर मे कई जमीदार है और अपोजीशन मे भी कई जमीदार है। पार्टी इस पावर मे कई उद्योगपति है और इस तरफ बैठने वालों मे भी कई उद्योगपति हैं। यहां तक कि कैबिनेट मे भी पूजीवादियों के दलाल बैठे हुए हैं और इधर भी बैठे हुए है। ये सब इस कार्यक्रम को अमल मे लाने के रास्ते में अंड़गें खड़े करते हैं। यदि इन तीनो वर्गों का बन्दोबस्त करना है तो चाहे वे अन्दर हो या हाउस के बाहर इनका स्थान यहां या बाहर नही है, आजादी से घूमने का नही है, इन तीनो वर्गों के वास्ते अगर कोई जगह हो सकती है जेल के अन्दर ही हो सकती है, सींखचों मे ही बन्द करके इनको आपको रखना पड़ेगा। जब तक इनको बाहर रखा जाता है, बड़े जमीदारों को, उद्योगपतियो को और उसके दलालों को और वैस्टड इंटरेस्ट्स को स्वतंत्रतापूर्वक घूमने दिया जाता है और उनको रोड़े अटकाने की छूट दी जाती है तब तक इस कार्यक्रम के ऊपर वे अमल कैसे होने दे सकते हैं, यह प्रश्न आपके सामने है जिस पर आपको विचार करना है।

मैं और मेरा दल बीस सूत्री कार्यक्रम का हमेशा से हिमायती रहा है। इसलिए हम कह रहे हैं कि इस कार्यक्रम में भूमिहीन मजदूरों और भूमिहीन किसानों का उल्लेख

[श्री जंबुवंत धोटे]

किया गया है जो इस देश में सब से बड़ी संख्या में हैं। दूसरे नम्बर पर हथकरघों पर काम करने वाले बुनकर आते हैं। दूसरे नम्बर पर बड़ी संख्या उनकी है । तीसरे नम्बर पर बीड़ी मजदूर आते हैं जिन का उल्लेख नहीं किया गया है । मैं समझता हूं कि यदि भूमिहीन मजदूरों, भूमिहीन किसानों, छोटे किसानों जिस में खास तौर पर आदिवासी और मददलित आते हैं और बीड़ी मजदूरों के हित में इस इमरजेंसी का इस्तेमाल किया गया, यदि उनके उत्थान के लिए किया गया और सच्चे मानों में उनका उत्थान हो गया तो इसके लिए आपकी सराहना ही की जाएगी । इसीलिए हम इस कार्यक्रम का समर्थन कर रहे हैं । केवल जबानी समर्थन नहीं बल्कि सक्रियता के साथ हम इस का समर्थन करते हैं ।

केवल तकरीरों से बात नहीं बनेगी । जो भी पूंजीवादी वर्ग या उसके दलाल या वैस्टिड इंटरेस्ट या ब्यूरोक्रेसी इस कार्यक्रम को अमल में लाने में बाधक बनती है उनके खिलाफ आपको कठोर और सख्त कार्रवाई करनी होगी । बातें बहुत हो चुकी हैं । अब अमल का वक्त है । आप सीलिंग की बात कर रहे हैं । गांवों में जमीन की सीलिंग की बातें बहुत होती हैं लेकिन शहरों में सीलिंग की आप क्यों नहीं करते हैं वहां सीलिंग मकानों पर क्यों नहीं लगाते हैं । गांवों पर ही हमारा सारा जोर है । देश का जितना काला धन है वह सारा शहरों में ऊंची ऊंची इमारतों और महलों में समाया हुआ है, उन्हीं में लगा हुआ है । समुद्र को रिक्लेम करके छः छः और सात सात हजार रुपये प्रति वर्ग गज के हिसाब से जमीन को बेच दिया गया है और वहां पर गगनचुम्बी अट्टालिकायें बन गई हैं । इन्हीं इमारत वालों को परमिट आदि मिलते हैं । इस सब का हिसाब होना चाहिये और शहरी सम्पत्ति के ऊपर सीलिंग लगनी चाहिये । शहरी सम्पत्ति पर सीलिंग लागू करने वाला कानून पहले आना चाहिये । एक एक फ्लैट और एक एक बड़ी ऊंची इमारत चाहे वह दिल्ली, बम्बई, कलकत्ता, मद्रास आदि कहीं भी हो उसको देखा जाना चाहिये । एक ऊंची इमारत शहर में गांव के सारे धन के बराबर है । जमीन सारी जो गांव में है और गांव के बाहर भी है उतनी कीमत की नहीं है जितनी एक ऊंची इमारत है । इसकी तरफ आपका ध्यान जाना चाहिये । इसकी तरफ हमारे जन प्रतिनिधियों का ध्यान जाना चाहिये । उद्योगपति जिन के हाथ में सारा आर्थिक सूत्र है, इनकी ओर सरकार का ध्यान जाना चाहिये । अगर आपको नैशनलाइजेशन की बात करनी है क्योंकि समाजवाद की बातें बहुत हो रही हैं तो सब से पहले आपको टैक्सटाइल उद्योग का नैशनलाइजेशन करना चाहिये, उसके बाद शूगर फैक्ट्रियों का और फिर सिमेंट के कारखानों का । इनका आप क्यों नेशनलाइजेशन नहीं करते हैं । इन तीनों का यदि आपने नेशनलाइजेशन किया तो हमारा आर्थिक ढांचा बदल सकता है । इससे देश में जादू का सा असर होगा । सारा हमारा जोर और नजरिया गांवों की तरफ है । शहरों की तरफ भी होना चाहिये ।

दामों का प्रश्न भी बहुत महत्वपूर्ण प्रश्न है और बहुत बड़ा प्रश्न है । मैं चाहता हूं कि इसके ऊपर सदन में अलग से चर्चा होनी चाहिये, बहस होनी चाहिये और सदस्यों को इसके बारे में कनक्रीट सजैशन देने का मौका मिलना चाहिये ।

अब देखें कि जितना सोना सारे संसार में है उस में सबसे ज्यादा सोना हमारे यहां के लोगों के पास है और सारे संसार की सरकारों के पास जितना सोना है उस से कम सोना हमारी सरकार के पास है । सब से ज्यादा सोना संसार के देशों में हमारे देश में है और सब से कम सोना संसार की सरकारों में से हमारी

सरकार के पास है। यह सब सोना शहरों में हैं। इसको आप निकालें। बैंक्स आदि में सेफ डिपाजिट लाकरों में तथा घरों में यह रखा हुआ है। यह जो सब पैसा है सोना है, हीरे जवाहरात हैं इनका हिसाब होना चाहिये, यह सब बाहर आना चाहियें। आपको अलग से कानून बना कर विदेशी बैंकों में भी जो खाते खोले गए हैं या सोना आदि रखा गया है उन सरकारों से मदद ले कर पच्चास हजार छोड़ करके बाकी सब अधिकार में ले लेना चाहिये। यह पैसा चाहे यहां के बैंकों में रखा हो या विदेशो के बैंकों में रखा हो। इस सोने और पैसे का इस्तेमाल गरीब लोगों का तथा देशका उत्थान करने के लिए किया जाना चाहिये।

बीस सूत्री कार्यक्रम के सम्बन्ध में हमारे सदस्य श्री राम हेडाऊ ने एक संशोधन पेश किया जो यहां रखा नहीं जा सका है। हमारे यहां पर बेकारी ने विषमरूप धारण किया हुआ है, भयानक यहा पर विषमता है, इस सब को अगर आप हल करना चाहते हैं, गरीबों का कल्याण करना चाहते हैं, गरीबों का उत्थान करना चाहते हैं, प्रगति करना चाहते हैं, जिनका यह देश और राष्ट्र है और जो भूखे तड़पते हैं, मरते हैं, दर-दर की ठोकरें खाते फिरते हैं, उनके वास्ते यदि आप कुछ करना चाहते हैं तो जर और धन को आपको खत्म करना होगा। यह आसान बात नहीं है। इधर और उधर दोनों तरफ़ के कुछ लोग हैं जो इसके विरोधी हैं। जर और धन छोड़ना कोई आसान बात नहीं है। लोग अपनी बीवी को छोड़ सकते हैं लेकिन जर और धन को छोड़ना नहीं चाहते हैं। मैं चाहता हूं कि सख्ती से उसके ऊपर प्रतिबन्ध लगाया जाए और जो मालिकाना अधिकार है उनको छीन लिया जाये।

यहां छोटी-छोटी बातें कही जाती हैं। हेल्थ मिनिस्टर उठते हैं और फ़ैमिली प्लानिंग की बात करने लग जाते हैं। सदस्यों द्वारा भी इसकी बात की जाती है। लेकिन आप देखें कि जब आदमी पैदा होता है तो केवल पेट लेकर पैदा नहीं होता है, दो बाजू और दिमाग ले कर भी पैदा होता है, सिर ले कर भी पैदा होता है। उसके हाथों का इस्तेमाल होना चाहिये। मैनपावर का इस्तेमाल करना सीखना चाहिये। यदि चीन से हमें कुछ लेना है, तो यही लेना चाहिये। चीन हमारे एक साल बाद आजाद हुआ था, और वह भी रेवोल्यूशनरी ढंग से आजाद हुआ था, टेबल पर बैठ कर किसी से समझौता करके नहीं। उससे हमें यह शिक्षा लेनी चाहिये कि मैनपावर का इस्तेमाल कैसे होना चाहिये।

आज फ़ैमिली प्लानिंग पर करोड़ों रुपये तथा कितनी मेहनत और शक्ति का अपव्यय किया जाता है। फ़ैमिली प्लानिंग के लिए कोई योजना लाने की आवश्यकता नहीं है। 20-सूत्री कार्यक्रम में कोई 21वां सूत्र जोड़ने की भी आवश्यकता नहीं है। कई सूत्र और कई कामसूत्र चले जायेंगे। इससे काम नहीं चलेगा। फ़ैमिली प्लानिंग अननेचुरल है, अनैसर्गिक है। इस पर अमल नहीं हो सकता है। यह पाखंडियों की बात है। जब सारे लोगों को खत्म करने का विचार है, तो फिर यहां हमारी जरूरत क्या है? जब सारे लोगों को मार डालना है, तो फिर समाजवादी अर्थ-व्यवस्था पूंजीवादी अर्थ-व्यवस्था या मिश्रित अर्थव्यवस्था की जरूरत क्या है?

आज हमें यह निश्चय करना चाहिये कि हम कहां जाना चाहते हैं, क्या करना चाहते हैं और कौन सा रास्ता अपनाना चाहते हैं। हमें इस बात पर गौर करना चाहिये कि इस पार्लियामेंटरी डेमोक्रेसी में केवल कैपिटलिस्ट और उनके दलाल प्रोटेक्ट होते हैं। वे आपोजीशन की ओर से भी प्रोटेक्ट होते हैं। और पार्टी इन पावर की तरफ़ से भी प्रोटेक्ट होते हैं। आखिर यह फ़ासिकल ड्रामा कितने दिन तक चलाना है? हमें इसको सोचना

[श्री जाबुवत घं टे]

चाहिये । जिस डेमोक्रेसी में हमारे लोगों का कल्याण नहीं है, उनकी बात नहीं है और उनकी जुबान नहीं है, उस डेमोक्रेसी को तोड़ डाल., फेंक दो । यहां पर वन-मैन डेमोक्रेसी रहनी चाहिये । रूस वाले वन-पार्टी डेमोक्रेसी की बात करते है । हम कहते है कि यहां पर वन-मैन डेमोक्रेसी की जाये ।

जब स्वाधीनता की लड़ाई चल रही थी और लोग आजादी के लिये फ़ासी के तख्ते पर लटक रहे थे, उस वक नेताजी सुभाष चन्द्र बोस कहते थे कि यह स्वाधीनता की लडाई चल रही है राजनैतिक स्वाधीनता के लिये, और आर्थिक स्वाधीनता की लड़ाई हमे अपने आजाद देश में लड़नी पडेगी । लोगो की भलाई के लिये, पददलितों, गरीबो और डाउन-ट्राड के कल्याण के लिये वन-मैन्ज डेमोक्रेसी लानी चाहिये । 60 करोड़ की जन-संख्या का हमारा देश है । उसमे 58 करोड़ लोगों की डेमोक्रेसी होगी और 2 करोड़ लोगों पर डिक्टेटरशिप । मै उसका समर्थन करता हूं ।

पार्लियामेंटरी डेमोक्रेसी और चुनाव पर धन और कुव्वत का जो खर्चा होता है, उतना खर्चा किसी और काम पर नही होता है । इसलिये चुनावो पर पाबन्दी लगाई जाये । यह पार्लियामेंट डिजाल्व हो । कोई जरूरत नहीं है इसकी । अगर इसको रखना ही है, तो इस देश में कम से कम पांच साल के लिये चुनाव न हो । चुनाव पर धन और कुव्वत का बेकार खर्चा होता है । इसलिये चुनाव जरूरी नहीं है और इस पर पाबन्दी लगानी चाहिये ।

हमारे साथी कहते है कि यह बड़ी सुन्दर कल्पना है । मैं कहना चाहता हूं कि डेमोक्रेसी का नाम लेकर यहां सारे सरमायादार बैठे हैं । यह बात बड़ी अजीब लगती है कि इस सदन में बैठने वाला पूंजीवादी कहता है कि वह सोशलिस्ट है । समझ में नहीं आता कि एयर-कन्डीशन्ड भवन में बैठ कर सोशलिज्म कैसे आता है ।

दोनो तरफ़ के सदस्यों को अपनी प्रापर्टी जाहिर करनी चाहिये । उन्हें यह हिसाब देना चाहिये कि दस साल पहले उनके पास कितनी प्रापर्टी थी और आज कितनी प्रापर्टी है ?

श्रीराम हेडाऊ के जरिये हमने जो कार्यक्रम रखा है, अगर उस पर अमल किया गया, तो इस देश मे सही मानो मे तब्दीली आयेगी । हम पूरे दिल और जान से उसका समर्थन ही नही करेंगे, सिपाही, हम्माल और कुली की हैसियत मे इसको अमल में लाने के लिये सबके साथ रहेंगे ।

श्री चिरंजीब झा (सहरसा) सभापति महोदय, किस भयावह, विस्फ़ोटक और विध्वंसकारी परिस्थिति के कारण समाज के सम्पूर्ण ढाचे और लोकतंत्र के लिये गम्भीर खतरा उपस्थित हो गया था, जिसके कारण आपातकालीन स्थिति की घोषणा की गई, मै उसकी तफ़सील मे नही जाना चाहता, क्योकि सारा देश और सारा सदन उसका साक्षी है ।

आपातकालीन स्थिति की घोषणा के बाद से ही देश के प्रत्येक क्षेत्र मे, इन एव्री वाक आफ़ लाइफ़, अनुशासन, लगन, कार्यक्षमता और कर्त्तव्यनिष्ठा की भावना की जो अभिव्यक्ति हुई है, वह सराहनीय और प्रशंसनीय है । छात्रगण अध्ययन के लिये स्कूल-कालेजो मे शालीनता और निष्ठा के साथ जाने लगे है । अधिकारी तथा कर्मचारी-गण समय पर अपने आफ़िस आने लगे हैं । लोगों की बातें सुविधानुसार सुनी जाने लगी हैं और उन का काम भी होने लगा है । यहां तक कि अब ट्रेनें भी समय पर चलने लगी हैं । लगता है कि हम कलियुग के बाद सत्ययुग में प्रवेश कर गये हैं, घोर अन्धकार से प्रकाश में आ गये हैं ।

15.45 hrs.

[SHRI H. K. L. BHAGAT *in the Chair*]

इस तरह देश के जीवन-क्रम में अनुशासन, गति और प्रकाश के वातावरण के उद्भूत होते ही देश की सम्माननीय नेता, प्रधान मंत्री श्रीमती इन्दिरा गांधी, ने द्रुत गति से आर्थिक विकास के लिये देश के समक्ष 20-सूत्री आर्थिक कार्यक्रम का प्रस्तुत किया है। उनकी इस घोषणा से यह भी स्पष्ट हो जाता है कि उन्होंने सर्वप्रथम देश के सबसे पिछड़े, दबे उपेक्षित, अन्टु वो लस्टि वर्ग की ओर ध्यान दिया है, जो सर्वथा उचित और सराहनीय, है।

आजादी के बाद देश ने हर क्षेत्र में काफ़ी प्रगति की है, उत्पादन और दौलत भी बढ़ी है, इसमें सन्देह नहीं है, किन्तु उसका लाभ अपेक्षाकृत अधिक समृद्धशाली और सम्पन्न लोगों को ही मिला है। यही कारण है कि आज हमारे प्रधान मंत्री का ध्यान सब से नीचे के, उपेक्षित, दबे और पिछड़े हुए वर्ग की ओर गया है। अब तक समृद्ध और सम्पत्तिशाली लोगों को विकास का लाभ मिलता रहा है, प्रवाह के इस रुख को अब हमें बदल देना है और उसको निम्न लोगों की ओर मोड़ देना है। अब तक इस निम्न वर्ग के लोगों की जो उपेक्षा होती रही है, उसी का परिणाम यह है कि समाज की नींव-स्वरूप यह निम्न वर्ग राष्ट्र के विकास-कार्यक्रम में अपने को शरीक नहीं कर पा रहा था। लोकतांत्रिक समाजवादी पद्धति में जब तक हर विकास कार्यक्रम में सक्रिय जन-सहयोग और जन-समर्थन नहीं प्राप्त होता है तब तक वह सफल नहीं हो सकता है।

